**राज्य कार्य योजना, सपोर्ट फॉर स्टैटिस्टिकल स्ट्रेंथनिंग (एस.एस.एस.) के अनुमोदन हेतु मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में आयोजित स्टेट हाई लेवल स्टीयरिंग कमेटी (एस.एच.एल.एस.सी.) की बैठक दिनांक 25—05—2018 का कार्यवृत्त।**

अर्थ एवं संख्या प्रभाग द्वारा तैयार की गयी राज्य कार्य योजना सपोर्ट फॉर स्टैटिस्टिकल स्ट्रेंथनिंग (स्टेट प्रोग्राम—एस.एस.एस.) के अनुमोदन हेतु दिनांक 25—05—2018 को 12:30 बजे अपराह्न मुख्य सचिव महोदय, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में SHLSC की आयोजित बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया—

1. **श्री संजीव कुमार मित्तल**, प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ.प्र. शासन, लखनऊ।
2. **श्री हेमन्त राव**, प्रमुख सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उ.प्र. शासन, लखनऊ।
3. **श्रीमती नीना शर्मा**, सचिव, नियोजन विभाग, उ.प्र. शासन, लखनऊ।
4. **श्री आर.एन.एस. यादव**, विशेष सचिव, नियोजन विभाग, उ.प्र. शासन, लखनऊ।
5. **श्री अशोक कुमार पंवार**, निदेशक, अर्थ एवं संख्या प्रभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6. **श्री राजीव मोहन, निदेशक**, आर.एस.ए.सी., उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
7. **श्री अरविन्द कुमार ढाका**, अपर निदेशक, राज्य योजना आयोग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
8. **डॉ. दिव्या सरीन मेहरोत्रा**, संयुक्त निदेशक, अर्थ एवं संख्या प्रभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
9. **श्री अमलेन्दु राय**, उपनिदेशक, अर्थ एवं संख्या प्रभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
10. **श्री संजय कुमार श्रीवास्तव**, उपनिदेशक (अर्थ एवं संख्या), झाँसी मण्डल, झाँसी।
11. **श्री राजेश कुमार चौहान**, अर्थ एवं संख्याधिकारी, अर्थ एवं संख्या प्रभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

बैठक में श्रीमती नीना शर्मा, सचिव, नियोजन विभाग, उ.प्र. शासन द्वारा एस.एस.एस. योजना के संक्षिप्त विवरण से मुख्य सचिव महोदय को अवगत कराया गया कि यह योजना मुख्यतः राज्य में सांख्यिकी सम्बन्धी कार्यों एवं सांख्यिकी उत्पादों के सुदृढ़ीकरण हेतु संचालित की जा रही है। योजना भारत सरकार द्वारा चिन्हित 20 सांख्यिकी क्रियाकलापों पर केन्द्रित है। तत्क्रम में अर्थ एवं संख्या प्रभाग, नियोजन विभाग द्वारा तैयार की गई उत्तर प्रदेश की राज्य योजना पर एस.एच.एल.एस.सी. के अनुमोदन की अपेक्षा की गई। तत्पश्चात् एस.एस.एस. योजना के सफलतापूर्वक निष्पादन व कार्यान्वयन हेतु बैठक में किये गये विचार—विमर्श के उपरान्त निम्नांकित निर्णय लिये गये:

1. मुख्य सचिव महोदय द्वारा राज्य में आँकड़ों के रखरखाव एवं उनकी गुणवत्ता के सम्बन्ध में प्रदेश की स्थिति पर संतोष व्यक्त किया गया। मुख्य सचिव महोदय द्वारा राज्य में निचले स्तर पर आँकड़ों के गुणात्मक सुधार पर ध्यान देने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया। निर्देश दिये गये कि इस प्रक्रिया को सुसंगत आर.एफ.पी. /आर.एफ.क्यू. के माध्यम से आउटसोर्सिंग के द्वारा विश्वसनीय संस्थाओं के माध्यम से भी कराया जाना उचित होगा।

2. प्रमुख सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि विभाग द्वारा वेब बेस्ड जी.आई.एस. पोर्टल विकसित किए जाने सम्बन्धी परियोजना का कार्य

प्रारम्भ किया जा चुका है। इस क्रम में उन्होंने अवगत कराया कि उनके विभाग को तत्सम्बन्धी सॉफ्टवेयर केन्द्र सरकार से निःशुल्क उपलब्ध है तथा उनके विभाग को वर्तमान में हार्डवेयर एवं श्रम शक्ति की आवश्यकता है। तत्क्रम में उन्हें अवगत कराया गया कि एस.एस.एस. योजना के अन्तर्गत इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं आई.टी. हार्डवेयर का प्राविधान अनुमन्य नहीं है। इस सम्बन्ध में विशेषज्ञ सेवाओं को प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव को सम्मिलित किया जा सकता है। मुख्य सचिव महोदय द्वारा सुझाव दिया गया कि इस कार्य हेतु कन्सल्टेन्सी के माध्यम से 4 से 5 विषय विशेषज्ञों को कुछ अवधि के लिये हायर करने पर विचार कर लिया जाये। तत्सम्बन्धी व्यवस्था एस.एस.एस. योजना में करने हेतु, प्रमुख सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा नियोजन विभाग को प्रस्ताव दिये जाने के निर्देश दिये गये।

3. 'सपोर्ट फॉर स्टैटिस्टिकल स्ट्रेंथनिंग' की राज्य योजना को, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से जी.आई.एस. आधारित सांख्यिकीय कार्यों/उत्पादों/क्रियाकलापों से सम्बन्धित सुसंगत प्रस्ताव (धनराशि रू. 4.00 करोड़ की सीमा तक) को सम्मिलित करते हुए, स्टेट हाई लेवल स्टीयरिंग कमेटी द्वारा अर्थ एवं संख्या प्रभाग की प्रस्तुत राज्य कार्य योजना (रू. 42.167 करोड़) पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

अन्त में सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

05/6/18

(आर.एन.एस. यादव)
**विशेष सचिव,**
**नियोजन विभाग।**

पत्रांक 14 /एस0एस0एस0–40/2015 दिनांकः लखनऊः जून 05,2018

**प्रतिलिपि** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. निजी सचिव, मुख्य सचिव को मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
2. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, नियोजन विभाग को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
3. श्री संजीव कुमार मित्तल, प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ.प्र. शासन, लखनऊ।
4. श्री हेमन्त राव, प्रमुख सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उ.प्र. शासन, लखनऊ।
5. श्रीमती नीना शर्मा, सचिव, नियोजन विभाग, उ.प्र. शासन, लखनऊ।
6. उप महानिदेशक (आई.एस.एस.पी.), साँख्यिकीय एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
7. श्री राजीव मोहन, निदेशक, आर.एस.ए.सी., उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
8. श्री अरविन्द कुमार ढाका, अपर निदेशक, राज्य योजना आयोग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

**(ए.के. पंवार)**
निदेशक,
अर्थ एवं संख्या।